## कलेक्टर द्वारा 15 दिवस में जुर्मानें की राशि जमा करने के दिए गए निर्देश

# मुरुम के अवैध उत्खनन पर हुई बड़ी कार्रवाई, डेढ़ करोड़ रूपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने दो अलग- अलग मामलों मे बिना अनुमति शासकीय भूमि पर अवैध रूप से 10 हजार 422 घन मीटर खनिज गौण मुरुम का अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर 12 लोगों पर अवैध रूप से उत्खननित मिट्टी मुरूम की रॉयल्टी राशि 5 लाख 21 हजार 100 रूपए का 15 गुना अर्थशास्ति और समतुल्य पर्यावरण क्षतिपूर्ति को मिलाकर कुल 1 करोड 56 लाख 34 हजार रूपए की दंड राशि अधिरोपित की है। साथ ही उत्खनन कार्य में लगी जब्तशुदा दो पोकलेन मशीन सहित पांच हाईवा वाहनो को पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करने का भी निर्देश दिया है।

अवैध उत्खनन के ये मामले तहसील बड़वारा के ग्राम झरेला और बहोरीबंद की तहसील रीठी के ग्राम पोडी का है। जिसमें कलेक्टर न्यायालय द्वारा प्रभारी अधिकारी खनिज के प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा आदेश पारित किया गया है।

कलेक्टर न्यायालय द्वारा ग्राम झरेला में अवैध उत्खनन के मामले में जिन 7 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें मैसर्स झांझरिया निर्माण लिमिटेड बिलासपुर, पोकलेन मशीन के मालिक संदीप अग्रवाल निवासी बिरसिंगपुर पाली, हाईवा वाहन के मालिक बिट्टू सिंह बघेल निवासी धनपुरी, सरपंच ग्राम पंचायत झरेला तहसील बड़वारा, पोकलेन मशीन आपरेटर ललित नायक पिता उदय नायक निवासी बिरसिंहपुर पाली, हाईवा वाहन के चालक शिवप्रसाद यादव निवासी सीधी एवं मनोज लोघी निवासी धनपुरी का नाम शामिल है।

ग्राम पोंडी में 5980 घनमीटर मुरूम के अवैध उत्खनन के मामले में जिन 5 लोगों को नोटिस जारी किया गया है उनमे मेसर्स एसकेआई रेलरोड प्राईवेट लिमिटेड जयपुर राजस्थान, दुर्गेश सौंधिया निवासी सीधी सहित तीन वाहन चालक पंचमलाल पाल निवासी तहसील व्योहारी, मुन्नालाल वर्मा निवासी सीधी और सुदामा यादव निवासी हजारीबाग झारखंड का नाम शामिल है।

कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत प्रतिवेदन के मुताबिक प्रभारी अधिकारी खनिज द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर 12 जून 2024 को निरीक्षण के दौरान ग्राम झरेला के खसरा नंबर 78 के अंश भाग एवं खसरा नंबर 79 के अंश भाग में पोकलेन मशीन टाटा हिटाची ईएक्स210 एलसी सुपर एवं दो हाइवा वाहन क्रमांक एम.पी. 05 जी 7822 तथा सीजी 10 बीएम 6499 के माध्यम से 4442 घनमीटर मुरूम का अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया। कलेक्टर न्यायालय द्वारा मध्य प्रदेश अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध उत्खनन खनिज हेतु 50 रूपये प्रति घनमीटर के हिसाब से दो लाख 22 हजार 100 रूपये की रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति अर्थात 33 लाख 31हजार 500 सहित पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि 33 लाख 31 हजार 500 एवं प्रशमन शुल्क की राशि 1 हजार रूपये मिलाकर कुल 64 लाख 64 हजार 300 अर्थदण्ड अधिरोपित किया है।

जबकि प्रभारी अधिकारी खनिज द्वारा तहसील के ग्राम पोंडी में प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार 25 मई 2024 को नायब तहसीलदार वृत्त बिलहरी द्वारा पोंडी का औचक निरीक्षण के दौरान खसरा क्रमांक 1053/1 रकवा 5.64 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर बिना नंबर की पोकलेन मशीन एवं तीन हाईवा वाहन क्रमांक क्रमशः आरजे 37 जीए 9403, आरजे 37 जीए 9407 और आरजे 37 जीए 9409 द्वारा खनिज शाखा की बिना वैधानिक अनुमति के 5980 घनमीटर खनिज मुरूम का अवैध उत्खनन करना पाया गया। जिसपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा मध्य प्रदेश अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध उत्खनन खनिज हेतु 50 रूपये प्रति घनमीटर के हिसाब से दो लाख 99 हजार रूपये की रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति अर्थात 44 लाख 85 हजार रूपये सहित पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि 44 लाख 85 हजार को मिलाकर कुल 89 लाख 70 हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है।

उपरोक्त दौनों प्रकरणों पर मौके पर जांच में मुरूम उत्खनन की अनुमति के संबंध में सक्षम कार्यालय से जारी अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किए जाने पर प्रभारी अधिकारी खनिज द्वारा मौके पर जप्तीनामा पत्रक तैयार कर वाहनों को जप्त किया गया।



## प्रदर्शनी लगाकर लोगों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

संचालनालय आयुष विभाग एवं कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर बुधवार 19 जून 2024 को "विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग कटनी के सहयोग से चिकित्सालय परिसर के आयुष विंग भवन में सम्पन्न किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग द्वारा 25 लोगों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान आयुष विभाग द्वारा आयुष विंग में प्रदर्शनी लगाकर लोगो को जागरूक भी किया गया। पोषण से संबंधित एवं एनीमिया दूर करने हेतु हर्बल चीजों के दैनिक इस्तेमाल की जानकारी दी गई साथ ही योग प्रशिक्षक द्वारा प्रतिदिन योग के माध्यम से स्वस्थ रहने हेतु आसन एवं प्राणायाम का महत्व बताया गया। शिविर में जिला आयुष अधिकारी डॉ0 रितु द्विवेदी के साथ डॉ0 आशीष रेजा, डॉ0 वंदना सिंह, डॉ. नीलम चक्रवर्ती, वीरेन्द्र कुमार परौहा, प्रेम नारायण वर्मा, राजीव गौतम एवं मनीष गर्ग उपस्थित रहें।

## जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री की बैठक 21 को

**कटनी।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे 21 जून को शाम 5 बजे से किया गया है। संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा ने संबंधित समस्त विभाग प्रमुखों को पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन एवं एजेंडा अनुसार बिंदुवार जानकारी विशेष वाहक के हस्ते स्थापना शाखा में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानें के निर्देश दिए है।

## खबर संक्षेप

### सी.एम.एच.ओ ने आशा कार्यकर्ता की सेवायें की समाप्त

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान ग्राम पटुरिया की गर्भवती महिला की अस्पताल की पर्ची कटने के उपरांत आशा कार्यकर्ता कल्पना दुबे द्वारा डॉ श्रद्धा द्विवेदी के निजी आवास पर सशुल्क परीक्षण कराने व प्राईवेट सेंटर से सशुल्क सोनोग्राफी करानें संबंधी प्राप्त शिकायत पर जांच हेतु गठित समिति के जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही करते हुए आशा कार्यकर्ता कल्पना दुबे को कार्य से हटाने का आदेश जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित किया है कि आशा कार्यकर्ता कल्पना दुबे द्वारा मरीज व परिजनों को सही सलाह न दिये जाने तथा बेवजह भटकाने की वजह से आर्थिक व मानसिक परेशानी का सामना करने की शिकायत की गई थी। जिसपर आशा कार्यकर्ता को समक्ष मे सुनवाई का अवसर प्रदान किये जाने पर प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं पाये जाने के फलस्वरूप जांच समिति द्वारा दोष सिद्ध होना पाया गया है।

आशा कार्यकर्ता द्वारा उक्त कृत्य को सोच समझकर करने तथा गर्भवती महिला एवं उसके परिवारजनों को भ्रमित कर आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित किये जाने पर आशा कार्यकर्ता कल्पना दुबे ग्राम पडरिया को तत्काल प्रभाव से कार्य से हटा दिया गया है।

### शैल वन पार्क झिंझरी एवं संगम घाट भुड़सा पर होंगे सवाल

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ की गई ''कटनी को जानो'' ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता के आठवे दिवस गुरूवार 20 जून 2024 को कटनी के झिंझरी स्थित शैल वन पार्क एवं बड़वारा तहसील के संगम घाट भुड़सा से संबंधित सवाल ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में पूछे जाएगें। जिसका जवाब प्रतिभागी 20 जून की रात 12 बजे तक दे सकेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की शासकीय वेबसाइट में उपलब्ध लिंक में जाकर लघु वीडियो फिल्म देखी जा सकती है।

क्विज़ के सवालों को भी 20 जून को रात 12 बजे तक ज़िला प्रशासन की वेबसाइट पर देखा जा सकेगा। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के सवाल इसी लघु वीडियो फिल्म पर आधारित होंगे। जिसमें कटनी शहर स्थित शैलवन पार्क झिंझरी, आदि मानव के रहन सहन उनके औजार एवं शिकार और जीवन शैली के दस हजार साल पुराने इतिहास को संजोये जिले का बड़ा ही आर्कषण का केन्द्र है। यहां की हरी भरी वांदियों के बीच आदि मानव द्वारा उकेरे गए आदि मानव की आकृति, पैरों के निशान, रहने का स्थान सहित और भी कुछ देखने को मिलता है। इसके साथ ही बड़वारा के भुडसा स्थित संगम घाट का नजारा अपने आप मे अद्भुद एवं दिल लुभाने वाला नजारा, भुडसा महानदी एवं मरछार नदी का अद्भुद संगम स्थल की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जायेगी।

### माधवनगर में होगा योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम

**कटनी।** जिले मे 21 जून को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व्यापक पैमाने पर मनाया जायेगा। योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर मे आयोजित किया गया है।

इस वर्ष के योग दिवस की थीम स्वयं एवं समाज के लिए योग (योगा फार सेल्फ एंड सोसायटी है) जिले मे योग दिवस का कार्यक्रम जिला मुख्यालय के अलावा पंचायत परिसर, आंगनबाडी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विद्यालय, और आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदि जगहों में भी किया जायेगा। जिला स्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल होंगे।

*शहडोल सांसद के मुख्य आतिथ्य में हुआ जागरूकता कार्यक्रम*

## सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य शिक्षा एवं जागरूकता आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन हेतु राज्य हीमोग्लोबिनों पैथी मिशन के अंतर्गत जिलों में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग जांच, प्रबंधन, काउंसलिंग एवं रोकथाम हेतु कार्ययोजना का संचालन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बुधवार को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय कटनी प्रांगण में सिकल सेल जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के आठ्या द्वारा कार्यकम की विस्तृत जानकारी देते हुए सिकल सेल के कारणों, लक्षण, उपचार एवं उसकी रोकथाम के बारें में बताया गया। सांसद हिमाद्री सिंह द्वारा सिकल सेल एनीमिया को वर्ष 2047 तक जड़ से खत्म करना कहा गया। सिकल सेल बीमारी जेनेटिक होने के कारण जिले में चिन्हित केसों को स्वास्थ्य शिक्षा देकर समय-समय पर सावधानी बरतनें के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन मे कहा गया कि स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी सिकल सेल की जागरूकता हेतु ग्राम स्तर पर प्रत्येक ग्राम वासी को इस बीमारी की जानकारी देने की बात कही ताकि बीमारी की रोकथाम हो सके।

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जागरूकता हेतु आदिम जाति कल्याण जिला कटनी के माध्यम से कमलेश यादव की टीम द्वारा सिकल सेल पर नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही जागरूकता गीत स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आठ्या, श्री राम नारायण सरावगी एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के श्री नरेश दहायत जी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

आयोजित शिविर में लगभग 485 जन समुदाय की उपस्थिति में 141 मरीजों की पैथोलॉजी जांच के अलावा 129 मरीजों की स्क्रीनिंग के साथ ही उक्त मरीजों की काउंसलिंग भी की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला संयोजक पूजा द्विवेदी, डॉ0 शोभा चौधरी, डॉ0 राजेश केवट, डॉ यशवंत वर्मा, डॉ मनीष मिश्रा आदि की उपस्थिति रही।

## वित्तीय वर्ष के कर वसूली की लक्ष्यपूर्ति की समीक्षा



बुधवार को राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व आय के वृद्धि के संबंध में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष में की गई वसूली की समीक्षा की जाकर 15 प्रतिशत अधिक राशि वसूल किए जाने के साथ ही बाजार बैठकी की वसूली में वृद्धि किए जाने हेतु सख़्त निर्देश दिये गये। चूँकि वर्तमान में सालहाल का संपत्तिकर जमा किए जाने पर 5 प्रतिशत की छूट प्रदाय की जाती है अतः राजस्व अधिकारी द्वारा समस्त करदाताओं से नियत समय अवधि तक संपत्तिकर का भुगतान करते हुए निगम द्वारा प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर कटनी नगर के सर्वांगीण विकास में अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

## शराब दुकान हटवाने सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शहडोल लोकसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित सांसद श्रीमती हिमान्द्री सिंह के बड़वारा नगर में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। सांसद श्रीमती हिमान्द्री सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। अपने उद्बोधन में सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बेहतर कार्य करेगी। जन जन को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उद्बोधन कार्यक्रम के पश्चात बड़वारा में शराब ठेकेदार द्वारा गांव गांव गली गली गली में शराब की अवैध विक्री करने का मामला कि छाया रहा। महिलाओं ने सांसद को बताया कि शराब ठेकेदार व शराब मैनेजर के द्वारा करवाये जाने शराब के अवैध कारोबार से न केवल लोगों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है अपितु समाज का माहौल दूषित हो रहा है। वहीं महिलाओं के आत्म सम्मान पर भी खराब असर हो रहा है।

बड़वारा क्षेत्र में जगह जगह गांव गांव अबैध शराब विक्री का कार्य शराब ठेकेदार व मैनेजरों के द्वारा किया जा रहा है और इनके ऊपर किसी भी प्रकार की कार्रवाई आबकारी विभाग के अधिकारियों के द्वारा नही की जाती है। आरोप है कि शराब के अवैध कारोबारियों को अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है।

बड़वारा तहसील के ही ग्राम जगतपुर उमरिया में शराब दुकान संचालित होने से आक्रोशित महिलाओं ने सांसद श्रीमती हिमान्द्री सिंह के समक्ष ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखते हुए बताया कि ग्राम जगतपुर उमरिया जो कि आदर्श ग्राम के रूप में जाना जाता है इसी ग्राम के समीप ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर शराब की दुकान खोली गई है जिसके कारण ग्राम का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं को शासन के द्वारा लाडली बहना के नाम पर जो प्रोत्साहन राशि दी जाती है उस राशि को उनके पति शराब दुकान में जाकर शराब खरीद कर बर्बाद कर रहे हैं। पति को शराब खरीदने व पीने से मना करने पर घर मे कलह व बिबाद की स्थिति आये दिन बनती है। ग्राम जगतपुर उमरिया की महिलाओं ने सांसद सिंह को ज्ञापन सौंप कर ग्राम से शराब दुकान अन्यत्र स्थानांतरित किये जाने की मांग की है। महिलाओं ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जगतपुर उमरिया के राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप सन्चालित शराब दुकान नही हटाई जाएगी तो आगामी दिनों में हम सभी महिलाएं आंदोलन प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। सांसद हिमान्द्री सिंह ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि आपकी मांगों पर शीघ्र ही कार्रवाई करवाई जाएगी।

*उमरियापान पुलिस ने की कार्यवाही, प्रकरण पंजीबद्ध*

## बाइक से हो रही थी तस्करी, पुलिस ने 57 लीटर देशी अवैध शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



उमरियापान पुलिस ने शराब की तस्करी करते हुए एक बाइक सवार को पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार बीती दरम्यानी रात गश्त के दौरान झंडा चौक उमरियापान में मुखिबर व्दारा सूचना प्राप्त हुई कि डूंडी तरफ से मोटर साईकिल क्र. MP 21 MK 4252 का चालक मोटर साईकिल में पीछे दो प्लास्टिक की हल्की पीले रंग की बोरिया बाधे हुये बोरियों में शराब लिये उमरियापान तरफ आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल को साथ लेकर ग्राम हरदी नहर के पास (नर्मदा मंदिर हरदी नहर के पास) मुखबिर के बताये अनुसार बाइक चालक एक पिठ्ठू बैग लिये उमरियापान तरफ आते दिखा। जिसे रोका गया तथा नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम नरेन्द्र दुबे पिता स्व. रामदत्त दुबे उम्र 34 साल निवासी ग्राम पिडरई थाना ढीमरखेडा जिला कटनी का होना बताया। पूछताछ करने पर बोरियो के अंदर देशी मदिरा प्लेन शराब के पाव व पिट्टू बैग में भी देशी मदिरा प्लेन के पाव रखे मिले। बोरियो को मोटर साईकिल से नीचे उतार कर चैक किया गया जिसमें 150 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब (प्रत्येक पाव में 180 एम.एल. शराब) एवं दूसरी हल्की पीले रंग की प्लास्टिक की बोरी को चैक किया गया जिसमें 150 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब (प्रत्येक पाव में 180 एम.एल. शराब) एवं पिट्ठू बैग को चैक किया गया जिसमें 18 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 318 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब (57 लीटर 240 एम.एल.) कीमती 25440 रुपये की मिली। आरोपी के कब्जे में अधिक मात्रा में अवैध शराब मिलने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये थाना उमरियापान पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

कार्रवाई में उप निरी. सिद्धार्थ राय थाना प्रभारी, स.उ.नि. कोदूलाल दाहिया, स.उ.नि. गोपाल सिंह राजपूत, प्र.आर. आशीष मेहरा, आर. मोहन मुवेल, आर. अजय तिवारी, आर. योगेश पटेल, चालक आर. रोहित झारिया की विशेष भूमिका रही।

## कलेक्टर ने शासकीय पट्टे पर आवंटित भूमि के मामले में किया निर्णय

# बिना अनुमति बेची गई पट्टे की भूमि को शासकीय मद मे दर्ज करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन से पट्टे पर मिली ग्राम खडौली स्थित खसरा नंबर 89 रकवा 0.67 हेक्टेयर भूमि को कलेक्टर से अनुमति प्राप्त किये बिना जमीन का विक्रय करने के कलेक्टर कोर्ट मे प्रचलित एक मामले मे सुनवाई करते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद ने शासकीय भूमि के पट्टे की शर्तो का उल्लंघन कर अन्य व्यक्ति को जमीन ब्रिक्री किये जाने के कारण प्रकरण के अंतिम निराकरण होने तक अंतरिम व्यवस्था के तहत भूमि को शासकीय मद में दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया है।

### ये है मामला

ग्राम खडौली स्थित भूमि खसरा नंबर 89 रकवा 0.67 हेक्टेयर भूमि अनुसूचित जाति वर्ग के फुंदा पिता सुनैया निवासी घंघरीकला को राज्य शासन द्वारा शासकीय पट्टे पर भूमि दी गई थी। जो खसरा के कालम नंबर 12 मे अहस्तांतरणीय दर्ज भी है। लेकिन भूमिस्वामी फुंदा पिता सुनैया द्वारा 30 मई 2005 को ग्राम खम्हरिया निवासी पन्नालाल यादव को जमीन का रजिस्टर्ड विक्रय कर दिया गया। इस जमीन के विक्रय के लिए मध्यप्रदेश भू- राजस्व संहिता के प्रावधान के अनुसार यदि कोई भूमि सरकारी पट्टेदार के रूप मे दखल मे रखने का किसी व्यक्ति को राज्य सरकार या कलेक्टर द्वारा अधिकार दिया जाता है तो ऐसी शासकीय भूमि का अंतरण कलेक्टर के बिना अनुज्ञा प्राप्त किये इसकी ब्रिकी नहीं किये जा सकने का प्रावधान है।

कलेक्टर कोर्ट मे फुंदा पिता सुनैया द्वारा उल्लेखित भूमि के विक्रय के संबंध मे किसी सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करने संबंधी कोई भी आदेश या अनुमति और दस्तावेज कलेक्टर श्री प्रसाद के कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जा सका। भूमि की बिक्री के लिए कलेक्टर की अनुमति आवश्यक थी, वह भी नहीं ली गई। इस प्रकार शासकीय पट्टे पर प्राप्त भूमि के विक्रय किये जाने से मध्यप्रदेश भू- राजस्व संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाना प्रमाणित होता है। इस संबंध मे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी ने ग्राम खडौली स्थित भूमि खसरा नंबर 89 रकवा 0.67 हेक्टेयर भूमि के लिए जारी पट्टा निरस्त करते हुए भूमि को मध्यप्रदेश शासन के पक्ष मे शासकीय घोषित किये जाने की अनुशंसा सहित प्रतिवेदन कलेक्टर कोर्ट मे प्रस्तुत किया गया।

### भू राजस्व संहिता का किया गया उल्लंघन

इस मामले का सूक्ष्म परिशीलन करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने पाया कि फुंदा पिता सुनैया निवासी घंघरीकला शसकीय पट्टेदार के तौर पर दर्ज है। साथ ही खसरा अभिलेख वर्ष 2024-25 मे उल्लेखित भूमि अहस्तांतरणीय दर्ज है। इसलिए सक्षम अनुमति प्राप्त किये बिना पट्टे में प्राप्त शासकीय भूमि के विक्रय के मध्यप्रदेश भू- राजस्व संहिता का उल्लंघन पाया गया। जबकि प्रावधानों के अनुसार अपवादों को छोड़कर अन्य कोई व्यक्ति पट्टे या आवंटन की तारीख से 10 वर्ष की कालावधि के भीतर भूमि अंतरित नहीं कर सकेगा और उसके बाद भी सक्षम अधिकारी से अनुज्ञा प्राप्त कर ही भूमि अंतरित कर सकेगा। इस मामले मे शासकीय पट्टेदार फुंदा पिता सुनैया द्वारा कलेक्टर की अनुज्ञा के बिना किया गया विक्रय पूर्णतः अवैधानिक मानते हुए कलेक्टर ने 0.67 हेक्टेयर भूमि को शासकीय मद मे जारी करने का आदेश पारित किया है।

साथ ही कलेक्टर श्री प्रसाद द्वार भू राजस्व संहिता की धारा 182 के तहत फुंदा पिता सुनैया निवासी घंघरी कला को सूचना पत्र जारी कर कहा गया है कि क्यों न पट्टे की शर्तो का उल्लंघन करने पर प्रदाय पट्टा निरस्त कर दिया जाये।



## डिवाइडर से टकराया हाईवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र क़े माई नदी क़े आगे पीयूष स्कूल क़े सामने बुधवार की सुबह रेत लोड हाईवा डिवाइडर से जा टकराया जिससे एक पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा की हाईवा क्रमांक cg 04 nw 6377 बड़वारा तरफ से कटनी की ओर आ रहा था तभी डिवाइडर से टकरा गया लेकिन कोई जन हानि नहीं हुई।

गौरतलब है कि स्कूली टाइम भी शुरू हो चुका है लेकिन इस तरह के हादसों को देखकर भी जिम्मेदार बेपरवाह नजर आ रहे हैं। रेत का परिवहन करने वाला हाइवा डिवाइडर तोड़ बिजली पोल को क्षतिग्रस्त कर गया। यह हादसा उस सड़क पर हुआ जहां सुबह से ही स्कूली या फिर टियूशन जाने वाले या मार्निंग वाक करने वाले लोग बहुतायत में आते जाते हैं। बहरहाल कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ।

**खबर संक्षेप**



## नन्हवारा सेझा व भगनवारा स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

**बड़वारा।** स्कूल चलो अभियान के दृष्टिगत जन शिक्षक सचिन उपाध्याय के द्वारा प्राथमिक शाला एवम माध्यमिक शाला भगनवारा, चांदन में छात्र छात्राओं को टीका रोली लगाकर अभिवादन किया गया व प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को मीठा खिलाकर मुंह मीठा कर प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान शाला के शिक्षक गोरेलाल पेन्ड्रो, गिरिष्मा डोंगरे, मीरा कोल,सुरेंद्र दुबे एवम स्थानीय जन प्रतिनिधि,पालक गण व ग्राम वासी उपस्थित रहे।सभी ने शासन के द्वारा करवाये जाने वाले प्रवेशोत्सव कार्यकम की सराहना की।

## सिलौंडी में बिजली बंद होने से ग्रामीण परेशान

**सिलौंडी।** सिलौंडी में बड़े स्कूल के पास लगा ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली बंद है किसके कारण ग्रामीण बहुत परेशान हैं। गर्मी से परेशान हो रहे हैं कुछ लोगों का स्वास्थ्य भी खराब हो गया है। लाइट बंद बंद होने से जल व्यवस्था पूरी तरह बंद है जिसके कारण लोगों को लोगों के घर में पानी नहीं है पर पानी के लिए भटकते रहते। लाइट बंद होने से लोगों के मोबाइल चार्ज नहीं हो पा रहा है जिसके कारण उनका काम धंधा पुर का बंद हो चुका है ऑनलाइन दुकान , आटा चक्की सभी बंद है । गर्मी से ग्रामीणों का बुरा हाल है खबर लेकर जाने तक ट्रांसफार्मर नहीं आया है विद्युत विभाग के जे ई से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि ट्रांसफर जल्दी आ रहा है और लगातार हम विद्युत व्यवस्था शुरू करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीण ने जल्द से जल्द लाइट चालू करने की मांग की है ।

## बीते 24 घंटों में जिले में 0.9 मिमी हुई औसत वर्षा की गई दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 2024 से 19 जून 2024 तक कुल 1.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 0.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 0.8 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 19.जून 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र बरही में 5.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 3.2 मिमी, स्लमनाबाद में 0.4 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 0.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## तकनीकी कौशल पाठ्यक्रम आईटीआई में प्रवेश हेतु दी गई जानकारी



**कटनी।** संचालक कौशल विकास संचालनालय मध्य प्रदेश जबलपुर के निर्देशानुसार एवं नोडल प्राचार्य रंजीत कुमार रोहितास के मार्गदर्शन में बुधवार 19 जून को विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा विकासखंड ढीमरखेड़ा के बैगा गाँव कचनारी एवं मारसिहुंडी में कैंप आयोजन किया गया। आयोजित कैंप मे प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत तकनीकी कौशल पाठ्यक्रम आईटीआई में प्रवेश लेकर अपने भविष्य को संवारने के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान मौके पर ही 10वीं उत्तीर्ण बैगा जनजाति के छात्रों के पंजीयन भी किये गए। शिविर के दौरान उपस्थित छात्रों को प्रवेश पंजीयन की अंतिम तिथि 20 जून 2024 रात्रि 12 बजे तक की जानकारी प्रदान की जाकर निर्धारित अवधि के पूर्व ही पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान प्राचार्य आईटीआई ढीमरखेड़ा सुश्री शिखा प्रजापति एवं कार्यालय सहायक अनिल कुमार तिवारी की सराहनीय सहभागिता रही।

### माधवनगर थाना क्षेत्र के हीरापुर कौड़िया मार्ग में हुई वारदात, लुटेरे फरार

# सशस्त्र बदमाशों ने सुनार को लूटा, 2 लाख रूपए व जेवरात लेकर हुए चंपत

जिले में सक्रिय बदमाश बेखौफ हो गये हैं।आये दिन चोरी व लूट की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पुलिस अपराधिक तत्वों की नकेल कसने में फिसड्डी साबित हो रहा है। शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में लुटेरे सक्रिय है। आलम यह है कि सक्रिय बदमाश रात्रि के अलावा दिन दहाड़े भी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और फरार होने में भी सफल हो जाते हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हीरापुर कौड़िया मार्ग में सोने चांदी का व्यापार करने वाले एक सराफा कारोबारी को दहथियारबंद 6 बदमाशों ने लूट लिया। बताया जाता है कि सराफा दुकानदार दिन भर दुकान में कामकाज करने के बाद शाम को घर वापस लौट रहा था इसी बीच सशस्त्र बदमाशों ने उसे लूट लिया। बताया जाता है कि दो बाईकों को में सवार होकर आए 6 हथियार बंद लुटेरे सोने के व्यापारी से 2 लाख नगद सहित लगभग साढे 5 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवर लूट कर चंपत हो गए हैं। व्यापारी की शिकायत के आधार पर माधव नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए उनकी सरगर्मी से तलाश प्रारंभ कर दी है।

प्रकरण के संबंध में जानकारी देते हुए नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा एवं माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर ने बताया कि गत 18 जून की शाम लगभग 7 बजे एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हीरापुर कौड़िया में रहने वाला 60 वर्षीय कृष्ण कुमार सोनी पिता स्वर्गीय गणेश प्रसाद सोनी हमेशा की तरह दुकान बंद करने के बाद अपने घर वापस जा रहा था। इसी बीच माधव नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरखेड़ा से लगभग डेढ़ किलोमीटर आगे सुनसान रास्ते पर दो बाईकों में सवार होकर आए 6 हथियारबंद युवकों ने सुनार को बीच रास्ते रोक लिया और उसे हथियार दिखा कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ लूट की घटना को अंजाम दिया।

### ये जेवरात ले गये लुटेरे

पुलिस के मुताबिक दुकान बंद करने के बाद घर जा रहे सुनार के पास एक बैग मौजूद था, जिसमें 10 सोने के लॉकेट मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, कान के पांच जोड़ी टॉप्स, 10 नग नथ कुल लगभग 35 ग्राम सोने के जेवर मौजूद थे। इसके अलावा 2 किलो वजन की 30 जोड़ी चांदी की पायल के साथ 2 लाख रुपए नगद भी बैग में था। दो मोटरसाइकिल में सवार होकर आए 6 बदमाशों ने वृद्ध सुनार को हथियार दिखाते हुए डराया धमकाया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसका बैग छीन कर चंपत हो गए। पुलिस ने सुनार की शिकायत के आधार पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ धारा 392 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश प्रारंभ कर दी है।

## अब उत्सव का रूप ले रही है कटनी को जानो प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी को जाने यह अब महज एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता नहीं बल्कि एक उत्सव का रूप ले चुकी है। क्या बच्चे.. क्या बुजुर्ग...सभी पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग ले रहे हैं। कटनी जिले की सीमा से हजारों किलोमीटर दूर दूसरे प्रदेशों में बैठे नागरिक भी ऑनलाइन मोड पर कटनी को जानने उतने ही बेताब नजर आ रहे हैं, जितने कटनी के नागरिक अपनी मातृभूमि और कर्मभूमि को जानने। यह प्रतियोगिता घरों और कार्यालयों के दायरों से बाहर छात्रावास और आश्रय गृहों के अंदर भी जा पहुंची है। जिसका प्रमाण है प्रतियोगिता के छठवे दिन मंगलवार की विजेता लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम की पूजा कोल। इस बालिका की कटनी को जानने की जिज्ञासा ने उसे इस प्रतियोगिता के तहत द्वितीय स्थान पर पहुंचा कर पुरस्कार राशि का हकदार बना दिया।

### मिली रोचक जानकारी

प्रतियोगिता के छठवे दिन मंगलवार आयोजित प्रतियोगिता मे प्रतिभागियों ने कारीतलाई के विष्णु वराह मंदिर के बारे विस्तार से जाना तथा यहां से संबंधित विषयों पर आधारित 10 बहुविकल्पीय प्रश्नों के जवाब रात 12 बजे तक सबमिट कर रेंडमली चुने गए विजेताओं में तिलक वार्ड पुरैनी के विवेक कुमार सिंह ने प्रथम, लिटिल स्टार चिल्ड्रन होम बालिका गृह की पूजा कोल ने द्वितीय, तहसील बहोरीबंद के ग्राम अगोध की जागृति खरे ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि लिटिल स्टार की पूजा गुप्ता और जालपा मढ़िया निवासी श्रीमती जयंती जैन ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। जिन्हें बुधवार को कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा पुरस्कार की राशि के चैक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के सोतवे दिन बुधवार की प्रतियोगिता मे मॉ कालीधाम बाण सागर कोनिया बरही एवं शहडार के जंगल संबंधित प्रश्नों के जवाब प्रतिभागियों को आज रात 12 बजे तक सबमिट करने हैं।

विजेता प्रतिभागियों ने कहा कि यह प्रतियोगिता बेहद उपयोगी है इससे उसे कटनी के बारे में नित नई जानकारी मिल रही है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर की विशेष पहल पर यह प्रतियोगिता कटनी के विषय में ज्ञानवर्धन करने के साथ- साथ समूचे देश के पटल में कटनी की पृष्ठभूमि को बेहतर तरीके से उकेरने में भी उपयोगी साबित हो रही है।

**तिलक लगाकर कराया प्रवेश, विशेष भोज का आयोजन**

## ढीमरखेड़ा विकासखंड के विद्यालयों में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्रदेश मे नवीन शैक्षणिक सत्र का आयोजन ढीमरखेड़ा विकासखंड मे भी ब्लाक शिक्षाधिकारी श्रीमती संयुक्ता उइके, सहायक संचालक एसएस मरावी, बीआरसी प्रेम कोरी के मार्गदर्शन मे ब्लाक की सभी शासकीय शालाओं मे मंगलवार को धूमधाम से प्रवेशोत्सव का आयोजन कर नवीन सत्र का शुभारंभ किया गया।

जनपद शिक्षा केंद्र ढीमरखेड़ा के वरिष्ठ बीएसी हेमंत सामल ने बताया की विकासखंड की सभी 347 प्राथमिक माध्यमिक एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों मे स्कूल चलें हम कार्यक्रम के तहत ग्राम के सभी 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चो को दाखिला देते हुए सभी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। ब्लाक के अधिकांश विद्यालयों मे प्रवेसोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया,बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये,जिन्हे पुरुस्कार स्वरूप शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई,इस दौरान बच्चों एवं गणमान्य नागरिकों को विशेष भोज्य के तहत पूड़ी सब्जी,खीर लड्डू भी खिलाया गया।

जन शिक्षा केंद्र बालक एवं कन्या उमरियापान के प्राचार्य द्वय दिलीप बाजपेई,मुकेश पटेल एवं जन शिक्षक आशीष चौरसिया, अवधेश पटेल,अशोक पटेल, जगन पटेल द्वारा केंद्र की आश्रित शालाओं पचपेड़ी, डुंडी, मंगेली, बरेली, धनवाही ,टोला, महनेर, पड़रिया, पकरिया ,घुघरा, बरौदा, बिछिया आदि विद्यालयों मे पहुंचकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया एवं ग्राम के नागरिकों, पालको एवं माताओं से अपने अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजनें की अपील की।

प्रवेसोत्सव के क्रम मे क्षेत्र की शासकीय प्राथमिक शाला मंगेली मे *जन शिक्षक द्वय अशोक पटेल एवं जगन पटेल* द्वारा सभी बच्चों को स्टेशनरी प्रदान की गई एवं शाला प्रांगण मे वृक्षारोपण कर नए सत्र की बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान मोहन पटेल,सुरेंद्र सिंह,रघुवीर सिंह,शैलेन्द्र सिंह, पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रदीप पटेल,शाला प्रभारी सूर्यकान्त त्रिपाठी,बबीता कोल,बाला प्रसाद पटेल,साक्षर साथी पूजा सिंह सहित ग्राम के गणमान्य जन उपस्थित थे।

### महारानी लक्ष्मी बाई की पुण्यतिथि पर किया नमन



वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई की पुण्यतिथि पर कचहरी चौक स्थित महारानी लक्ष्मी बाई की भव्य प्रतिमा की नगर निगम द्वारा फायर बिग्रेड के तेज फोर्स से विशेष साफ सफाई कराई गई। साफ सफाई के बाद नगर पालिका निगम महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा महारानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर नमन किया गया।प्रतिमा की ऊंचाई अधिक होने से महापौर को हाईड्रोलिक मशीन से प्रतिमा तक पहुंचाया गया।इस मौके पर महापौर ने कहा कि 1857 की वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का जन्म 18 नवम्बर 1828 को तथा निधन 18 जून 1858 को हुआ था। उनका वीर योगदान अविस्मरणीय है। उनकी पुण्यतिथि पर हम सब नमन करते है। इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू पार्षद सुखदेव चौधरी सरला मिश्रा उमेन्द्र अहिरवार समाजसेवी कमलेश चौधरी की उपस्थिति रही।

## नरवाई प्रबंधन हेतु सुपरसीडर एवं हैप्पी सीडर का प्रयोग करने किसानों को सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्तमान में अधिकतर किसानों द्वारा अपनी फसल की कटाई कम्बाइन हार्वेस्टर से की जाती है। फसल कटाई उपरांत खेत में पड़ी नरवाई में आग लगा दी जाती है, जिसके कारण वायु प्रदूषण के साथ-साथ मिट्टी में उपस्थित लाभदायक सूक्ष्म जीवाणु भी नष्ट हो जाते है। जिससे खेत की उत्पादकता कम हो रही है एवं खेत धीरे-धीरे बंजर हो रहे है।

बिना नरवाई में आग लगाये तथा बिना खेत की तैयारी किये अगली फसल धान, गेहूं व दलहन की सीधी बुवाई हैप्पी सीडर व सुपर सीडर कृषियंत्रो से की जा सकती है। हैप्पी सीडर को 50 एचपी के ट्रैक्टर से आसानी से चलाया जा सकता है। हैप्पी सीडर में एक रोटर लगा होता है जिस पर लेच लगे होते हैं जो खड़े हुए भूसे को काट-काट कर गिराते हैं तथा पीछे से बोनी हो जाती है। कटा हुआ भूसा सतह पर फैल जाता है एवं दो कतारों के बीच का खड़ा हुआ भूसा समय के साथ-साथ धीरे-धीरे सडकर कार्बनिक पदार्थ में बदल जाता है। भूसे की सतह के कारण वाष्पीकरण कम होता है, हैप्पी सीडर के उपयोग से एक सिंचाई की भी बचत होती है। हेप्पी सीडर के प्रयोग से खेत तैयार करने की लागत में भी कमी आती है। सुपरसीडर को चलाने हेतु लगभग 60 एचपी के ट्रैक्टर की आवश्यकता होती है सुपर सीडर में भी एक रोटर लगा रहता है जो भूसे को काटकर मिट्टी में दबा देता है तथा पीछे से बोनी हो जाती है। इसके प्रयोग से भी खेत तैयार करने की लागत में कमी आती है।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि हैप्पी सीडर की कीमत लगभग दो लाख एवं सुपर सीडर की कीमत दो से ढाई लाख रूपये है। शासन द्वारा यंत्र पर प्रदाय अनुदान राशि लघु सीमांत अनुसूचित जाति जनजाति एवं महिला कृषको को कीमत का 50 प्रतिशत एवं सामान्य बड़े कृषकों को कीमत का 40प्रतिशत दिया जा रहा है। हैप्पी सीडर पर 65 हजार रूपये से 80 हजार रूपये एवं सुपर सीडर पर 80 हजार से 1.50 लाख रूपये है। यंत्र प्राप्ति हेतु आवेदन कृषि अभियांत्रिकी विभाग के पोर्टल उच कंहम.वतह पर ऑन डिमांड कैटेगरी में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इन यंत्रो के प्रयोग से कृषि लागत में कमी आती है एवं मुनाफा भी बढता है।

**कलेक्टर, जनप्रतिनिधि एवं किसानों ने पीएम के संबोधन को देखा व सुना**

## जिले के 1.58 लाख किसानों के खाते मे 31.67 करोड़ रूपये किये अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उत्तरप्रदेश के वाराणसी से कटनी जिले के पात्र 1 लाख 58 हजार 366 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त के तौर पर 31 करोड़ 67 लाख 32 हजार रूपये की राशि किसानों के खाते में सीधे अंतरित की।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर अवि प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा और अधीक्षक भू- अभिलेख डॉ राकेश कुमार सहित जनप्रतिनिधि और हितग्राही किसानों ने वाराणसी उत्तरप्रदेश से प्रधानमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण को देखा और सुना। जिले भर की ग्राम पंचायतों मे प्रधानमंत्री के लाईव प्रसारण के सुनने की व्यवस्था की गई थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने जिले के सभी 9 तहसीलों के पात्र किसान हितग्राहियों को प्रति हितग्राही 2 हजार रूपये के मान से किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त प्रदान किया। इसमें विजयराघवगढ़ तहसील के 27 हजार 138 किसानों को 5 करोड़ 42 लाख 76 हजार रूपये किस्त के रूप मे राशि खाते मे अंतरित की गई। जबकि कटनी ग्रामीण तहसील मे 8 हजार 471 पात्र किसानों के खाते मे 1 करोड़ 68 लाख 42 हजार रूपये, बहोरीबंद तहसील के 22 हजार 786 किसान हितग्राहियों के खाते मे 4 करोड़ 55 लाख 72 हजार रूपये और बड़वारा तहसील के 15 हजार 139 पात्र किसानों के खाते मे 3 करोड़ 2 लाख 78 हजार रूपये तथा कटनी नगर तहसील के 8 हजार 456 किसान हितग्राहियों के खातों में 1 करोड़ 69 लाख 12 हजार रूपये अंतरित किये गए।

इसी प्रकार बरही तहसील के 15 हजार 685 किसानों के खाते मे प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की 17वीं किस्त के तौर पर 3 करोड़ 13 लाख 70 हजार रूपये, स्लीमनाबाद तहसील के 15 हजार 383 किसानों के खाते मे 3 करोड़ 7 लाख 66 हजार रूपये, ढीमरखेड़ा तहसील के 24 हजार 537 किसानों के खाते में 4 करोड़ 90 लाख 74 हजार रूपये और रीठी तहसील के 20 हजार 771 पात्र किसानों के खाते मे 17वीं किस्त के रूप मे 4 करोड़ 15 लाख 42 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई।

### महापौर ने जाग्रति कॉलोनी एवं बाल गंगाधर तिलक वार्ड का किया निरीक्षण

## बारिश में न हो कोई समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए शहर में विभिन्न जगह नालियों एवं सीवेज कार्य से रोड, नाली की समस्याओं की संभावना को देखते हुए नगर निगम सीमान्तर्गत जाग्रति कॉलोनी में भ्रमण कर स्थानीय लोगो से बात कर उनकी समस्या पूछीं। इस दौरान बातचीत करते हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश के दौरान नाली की निकासी न होने से रोड में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है जिससे आवागमन बाधित होने के साथ साथ कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।उक्त समस्या के निराकरण हेतु महापौर द्वारा नाली निकासी, जलवभराव जैसी समस्या के समाधान हेतु क्षेत्रीय उपयंत्री पवन श्रीवास्तव को निर्देशित किया। साथ ही सभी को आश्वासन देते हुए कहा कि सभी की समस्याओं का निराकरण अवश्य किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय पार्षद ख़ुशबू अनिरुद्ध सोनी की भी उपस्थिति रही।

निरीक्षण के अगले क्रम में महापौर श्रीमती सूरी ने बालगंगाधर तिलक वार्ड के लोगों के साथ विस्तृत चर्चा की। बातचीत में स्थानीय ने बताया की सीवेज कार्य के दौरान रोड में अत्यधिक गड्ढे होने से आये दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इससे लोगों, स्कूल के बच्चों का आवागमन अत्यधिक प्रभावित होता है। वर्षा ऋतु प्रारंभ होने पर स्थिति और अधिक ख़राब हो सकती है। उक्त समस्या पर गंभीरता से विचार कर महापौर ने संबंधित उपयंत्री अश्वनी पांडेय एवं सीवेज कंपनी के कर्मचारियों को अविलंब कार्यवाही करते हुए रोड में डस्ट डाल कर वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

इसके साथ ही बरसात उपरांत उक्त रोड में डामरीकरण कार्य कराये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। आगामी दिनों में किए जाने वाले पौधरोपण अभियान को लेकर महापौर सूरी ने सभी को इस अभियान में सहयोग करने तथा आस पास के नागरिकों में जन-जागरूकता लाने हेतु प्रेरित किया। स्थानीय जनों ने अभियान में वृक्ष संरक्षण तथा अभियान में शामिल होने की उत्सुकता दिखाई।






## सीमांकन मामले में बेहतर कार्य पर पटवारी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा सीमांकन के लिए चलाये गए विशेष अभियान के तहत जिले मे अब तक 3 हजार 814 सीमांकन मामलों का निपटारा किया जा चुका है। कलेक्टर द्वारा सीमांकन कार्य मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राजस्व विभाग के कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम मे कलेक्टर ने मंगलवार को विजयराघवगढ़ तहसील के भैसवाही हल्का नंबर 7 की पटवारी सुश्री सोनल वैष्णव को 51 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा करने पर उनके योगदान की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार कलेक्टर ने बहोरीबंद तहसील के राजस्व निरीक्षक आसनारायण को 38 सीमांकन प्रकरणों के निपटारे और बरही तहसील के सलैया सिहोरा, खितौली बरही के पटवारी अनिल मुनले द्वारा 43 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण में दिये गए योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कलेक्टर ने इन सभी से उनके द्वारा सीमांकन के क्षेत्र मे किये गए विशेष कार्यो से अर्जित उपलब्धियों के संबंध मे चर्चा करते हुए संबंधित पटवारियों और राजस्व निरीक्षक से मैदानी स्तर पर आने वाली समस्याओं और उनके वर्क पैटर्न की जानकारी ली । कलेक्टर ने राजस्व के क्षेत्र में इसी प्रकार से बेहतर कार्य करने की अपेक्षा जाहिर की। उन्होने कहा कि राजस्व मामलो के निपटारे मे मैदानी राजस्व कर्मियों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

**खबर संक्षेप**

### पन्ना पुलिस द्वारा 3 प्रकरणों में वांछित 15 हजार रूपये के ईनामी स्थाई वारण्टी को किया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना बृजपुर के प्रकरण क्रमांक 800733/16, 800732/16 एवं 800735/16 धारा 457, 380, 411 भादवि में फरार आरोपी मनीष सोनी पिता अशोक सोनी के विरूद्ध माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी पन्ना के द्वारा स्थायी वारंटी जारी किया गया था। उक्त स्थाई वारण्टी की तलाश पतारसी हेतु थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानु प्रताप सिंह चौहान द्वारा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम के साथ मिलकर अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर सूचना के आधार पर मामले के स्थाई वारण्टी को दिनांक 18/06/24 को श्रीनगर जिला महोबा उ.प्र. से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

वन विभाग की अनदेखी व देखरेख पर बड़ा सवाल

# खकरिया इमलीडोल के जंगलों में फेंके जा रहे मृत मवेशी, दुर्गंध से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

जहां एक ओर शासन-प्रशासन जंगल को संवारने और उसकी सुंदरता बनाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है और जंगलों एवं पेड़ों की देखरेख व सुरक्षा के लिए डीएफओ, एसडीओ, रेंजर सहित बड़ी संख्या में वनकर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के जंगलो वन विभाग की अनदेखी और देखरेख पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। जहां पर्यावरण पर खतरा मंडरा रहा है और शुद्ध हवा व वातावरण पर खराब असर पड़ रहा है। तेंदूखेड़ा नगर से सटे खकरिया, इमलीडोल के जंगलों की आवो हवा खराब करने के लिए कुछ लोगों द्वारा कई वर्षों से जंगल में मवेशी फेंके जा रहे हैं। उन्हें इससे कोई सरोकार नहीं है कि उनके इस कृत्य से अन्य लोगों एवं वन प्राणियों के स्वास्थ्य पर क्या असर होगा। उनके इस कृत्य पर वन विभाग द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण मवेशियों को जंगल में फेंकने वालों के हौसले बुलंद है। खकरिया बीट में जब हमारी टीम ने पड़ताल की तो पाया कि बीट के अंदर जंगल में बड़ी संख्या में मवेशियों के शव और



अवशेष पड़े हुए थे। जिन्हें श्वान और गिद्ध खा रहे थे। आधा किमी का जंगल घूमा तो कई स्थानों पर मवेशियों के पुराने कंकाल व अवशेष मिले थे।

#### मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोग परेशान

इस समय उमस एवं गर्मी होने के बावजूद लोग अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए मॉर्निंग वाक पर आ-जा रहे हैं। इसी के चलते हैं वे सुबह से घूमने के लिए निकलते हैं, पर इस सैर सपाटे पर बदबू दखल पैदा कर रही है। नगर के समस्त मार्गों पर सुबह 4 बजे से महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे सैर सपाटे के

#### मवेशियों को फेंकने पर लगाया जाए प्रतिबंध

कमल नारायण यादव, राजू साहू, लखन लाल यादव, नन्हाई पहलवान, सुदीप त्रिपाठी, मनीष नामदेव, र`श जैन, अंगद सिंह, डॉ. जितेंद्र भदौरिया, गुड्डन सोनी सहित अन्य लोगों ने बताया कि स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए सुबह सुबह मॉर्निंग वाक जरूरी होती है, लेकिन कुछ लोगों के द्वारा मृत मवेशियों को सुबह घूमने के रास्तों पर अनाधिकृत रूप से फेंका जा रहा है। जिसके कारण हम लोगों की सेहत पर विपरीत असर हो रहा है। वन विभाग की भूमि पर फेंके जा रहा है मृत मवेशीयो को सुबह घूमने के रास्तों पर जहां से वनभूमि शुरू होती है, वहां के जंगलों में बेधड़क होकर इन मवेशियों को फिकवाया जा रहा है। उनका इस प्रकार का कृत्य लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

लिए निकलते हैं, पर कई वर्षों से इन मार्गों पर मृत होने वाले मवेशियों को जंगल की वन भूमि पर फेंका जा रहा है। जिससे लगातार सैर सपाटा करने वालों की संख्या में कमी आ रही है। लोगों ने कहा कि सुबह-

सुबह की आवोहवा में दुर्गंध घुल जाने के कारण बहुत दिक्कत हो रही है। इन दिनों ऐसी स्थिति नगर से खकरिया सहित अन्य मार्गों पर बनी है। नगर से सटे खकरिया इमलीडोल भटरिया मार्ग, नरगुवा

मार्ग पर घूमने वालों को परेशानी हो रही है, जबकि इन मार्गों में सबसे अधिक सुबह घूमने के लिए लोग जाते हैं। हालांकि पहले ऐसी स्थिति नहीं थी, लेकिन अब इस स्थिति के कारण लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति चिंतित हैं। जंगलों में फेंके जा रहे मृत मवेशियों और अन्य जानवरों से जंगल की शुद्ध हवा और वातावरण पर खराब असर पड़ रहा है। जहां एक और लोग गर्मियों के दिनों में शुद्ध हवा के लिए जंगलों में सुबह शाम घूमने जाते हैं तो वहीं इन मृतक मवेशियों की बदबू से लोगों का हाल खराब बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि वन विभाग की लापरवाही के कारण ही लोगों द्वारा जंगल में मवेशियों को फेंका जा रहा है। कई सालों से जंगलों में मवेशियों को फेंकने के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन वन विभाग द्वारा जंगल की देखरेख और सुरक्षा के लिए कोताही बरती जा रही है जिसके कारण लोगों द्वारा जंगल में ही इन मृत मवेशियों को फेंक रहे हैं।

#### कार्यवाही की जाएगी

वन परीक्षेत्र अधिकारी सृष्टि जैन ने कहा कि मैं दिखवाती हूं और कार्रवाई करती हूं। साथ ही जंगल में मृत मवेशियों को फेंकने वालों पर उचित कार्रवाई की जाएंगी।

**सृष्टि जैन**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी तेंदूखेड़ा**

नायब तहसीलदार ने कब्जा हटवाकर भूमि मालिक को वापस सौपी जमीन

## पैतृक जमीन पाने तीन साल तक करना पड़ा परिश्रम



**तेन्दूखेड़ा।** तेजगढ़ उपतहसील के तेजगढ़ ग्राम मे एक युवती को उसकी पैतृक जगह पाने के लिए तीन वर्ष तक परिश्रम करना पड़ा लेकिन अब वह जगह उनको प्रशासन के सहयोग से वापिस मिल गई है। यह कार्य तेजगढ़ उपतहसील मे पदस्थ नायब तहसीलदार चंदशेखर शिल्पी द्वारा किया गया है जिन्होंने युवती की मदद की । मगलवार को अबैध रूप से जमे अतिक्रमण को खुद खड़े होकर हटवाया और बाद मे भूमि असली मालिक को सौपी। मामला तेजगढ़ ग्राम के खसरा नंबर 590 का है जहां पर बैशाली कोष्टी की निजी भूमि जो उसके पक्के मकान से लगी हुई थी। उसपर ग्राम के दो लोगो ने अबैध रूप से कब्जा कर लिया था। माता पिता का पूर्व मे निधन हो गया है और जिस भूमि पर कब्जा किया था। वह बैशाली को पैतृक रूप मे मिली थी। इसलिए उसने अपनी पैतृक भूमि पाने पहले आपसी बातचीत की। किन्तु मामला निपटा नहीं। उसके बाद उसने नियम अनुसार उपतहसील मे केस लगाया और केस का फैसला वैशाली कोष्टी के पक्ष मे गया। उसके बाद मगलवार को नायब तहसीलदार चंदशेखर शिल्पी पटवारी महबूब खान हल्के पटवारी के साथ पटवारी आनंदी अहिरवार मौके पर पहुँचे और तेजगढ़ पुलिस बल की मौजूदगी मे नायब तहसीलदार ने खुद खडे होकर वह अतिक्रमण जेसीबी की मदद से हटावाया जिसपर अबैध रूप से कब्जा था।

नायब तहसीलदार चंदशेखर शिल्पी ने बताया की तेजगढ़ हल्का के खसरा 590 मे वैशाली कोष्टी के नाम पर पांच आरे जमीन थी। जिसपर दो लोगो ने कब्जा कर लिया था। मंगलवार को तेजगढ़ पहुंचा और पुलिस की मौजूदगी मे झोपडी को हटाया । ज़मीन असली भूमि स्वामी को सोपी कार्यवाही के दौरान पटवारी महमूद खान पटवारी हल्के और पुलिस बल मौजूद रहा।

## अभिभावकों के साथ चर्चा कार्यक्रम सम्पन्न



**हिण्डोरिया।** मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग के विशेष दिशा निर्देशानुसार स्कूल चले-हम अभियान के तहत स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला रौंडा. में नव- प्रवेशित बच्चों के साथ 18 जून 2024 को मनाये गये प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के पश्चात 19 जून 2024 दिन बुधवार को शाला मे 'अभिभावकों के साथ चर्चा ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि सरपंच प्रभाबाई आदिवासी , विशिष्ट अतिथि संकल्प समाज सेवी संस्था के सक्रिय कार्यकर्ता सुजात खान एवं शाला प्रधान पाठक रतन सिंह लोधी मौजूद रहे। इस मौके पर शिक्षिका सावित्री ठाकुर ने उपस्थित अभिभावकों एवं बच्चों को स्कूलों मे दर्ज नव-प्रवेशित एवं अध्ययनरत समस्त बच्चों को दी जाने वाली शैक्षणिक सुविधाओं के बारे मे विस्तार से बताया। इस मौके पर अतिथि सुजात खान ने कहा कि शिक्षा विभाग के ₹स्कूल चले-हम₹ अभियान का मतलब ही ये है कि कोई भी बच्चा घर समाज गाँव मे शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि देश- प्रदेश मे 18 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा का कानून बनाकर लागू करना चाहिए। इससे सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं दीर्घायु भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। इस मौके पर शिक्षिका यशोदा चौरसिया, शिक्षिका रानी ताम्रकार, अभिभावकों मे भगवती पटेल, गजराज पटेल, बबलू पटेल, कमलरानी पटेल, संतोष रानी पटेल , राधारानी पटेल सहित अनेक अभिभावक एवं बच्चे मौजूद रहे।

## योग अभ्यास का हुआ आयोजन




**दमोह।** संभाग स्तरीय विज्ञान विषय के प्रशिक्षण का द्वितीय बैच शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में 18 जून से 22 जून 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रावास में रुके हुए प्रशिक्षणार्थियों ने योग अभ्यास किया। द्वितीय बैच में कुल 188 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें दमोह के अलावा छतरपुर एवं पन्ना के प्रशिक्षणार्थी हैं। संयुक्त संचालक सागर डॉक्टर मनीष वर्मा के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक एस के असाटी, सहायक परियोजना समन्वयक मोहन राय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस.एल. अहरवाल, कोर्स डायरेक्टर वीरेंद्र श्रीवास्तव, वार्डन शैलेंद्र दुबे मास्टर ट्रेनर आदित्य चौरसिया, कमलेश सेन, हेतराम अहिरवार, किरण राजपूत, मुकेश विश्वकर्मा, संजय दुबे द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है।

## सीएम राईज में हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम




**जबेरा।** स्कूल चलें हम अभियान में संस्कृति पर्यटन धार्मिक धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार राइज मॉडल स्कूल जबेरा के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत कर पुस्तकें प्रदान की पालक शिक्षक संघ की बैठक में अभिभावकों से संवाद करते हुए राज्य मंत्री लोधी ने कहां बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की जिम्मेदारी अभिभावकों की है। सभी बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर माता-पिता के साथ देश और प्रदेश का नाम रोशन करें: मेरी सभी को प्रवेश उत्सव के अवसर पर शुभकामनाएं है। राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं। बच्चों का मन सच्चा होता है, उनको जैसा चाहे वैसा गढ़ा जा सकता है, लेकिन यह जिम्मेदारी पालक और शिक्षक की होती है कि उन्हें सही मार्ग दिखाए। सीएम राइज स्कूल के माध्यम से बच्चों को न सिर्फ अच्छा वातावरण मिल रहा है बल्कि बेहतर शिक्षा भी मिल रही है। हर्ष की बात है जबेरा सीएम राइज मॉडल स्कूल के शिक्षकों लगन और मेहनत के प्रतिफल आज दमोह जिले में अब्बल है। राज्य मंत्री ने फीता काटकर प्रवेश उत्सव का प्रारंभ किया और छात्रों के लिए विद्यालय में नियमित आने और अच्छा परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रेरणा दी साथ में अभिभावकों के मध्य में संवाद किया। इस दौरान बोर्ड कक्षाओं में प्रथम द्वितीय स्थान पर आए हुए विद्यार्थियों एव पर्यावरण दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर दमोह डी पी सी मुकेश द्विवेदी द्वारा छात्रों के हित में चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान अभिभावकों ने प्रभावित होकर विद्यालय के कक्षों के लिए पांच सीलिंग पंखे दान किये।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई पंडित रवि शंकर बाजपेई बंटी दुबे सहारा ठाकुर रानू नामदेव की उपस्थिति में प्राचार्य संजय बाजपेई उपप्राचार्य अजय सिंघई द्वारा विद्यालय की समस्त उपलब्धियों पर प्रकाश डाला । बी आर सीसी प्रमेन्द्र बैद्य द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया शिक्षक उमेश शर्मा मुकेश नामदेव . पप्पूराय . रामकिशोर शर्मा . सुनील बाजपेई विवेकजैन . अनिलसाहू सुखनंदन साहू प्रमोद अहिरवार अनिलसाहू . माखनलाल साहू महेशसाहू .मुन्नीठाकुर . अर्चनाखरे . शानू दुबे . दीप्ति कोष्टा दुर्गापटेल. कीर्तिराय विभा तिवारी प्रीति सुमन रीनाखरे के साथ समस्त शिक्षको अभिभावको द्वारा भागीदारी की गई । विद्यालय में अभिभावकों के साथ जन प्रतिनिधि , पत्रकार और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रही ।

## वैधानिक मुद्रा को चलन में बनाये रखने के लिये प्रशासन और शासन का सहयोग करें-कलेक्टर

**दमोह।** जिला प्रशासन को इस बात की शिकायत मिली थी कि जिले में एक रूपये और दो रूपये के सिक्के और पाँच रूपये के सिक्के और नोट को आम चलन में स्वीकार नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी आमजन का ध्यान रिजर्व बैंक और भारत सरकार की गाईडलाईन की तरफ आकर्षित कराया है, जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति वैध सिक्के या नोट को स्वीकार नहीं करता है, तो यह मुद्रा का अनादरण माना जाता है, इसमें संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है। कलेक्टर श्री कोचर ने जिले के समस्त व्यापारीगणों, व्यापारी संगठनों से आग्रह करते हुए कहा सरकार की वैधानिक मुद्रा का अनादरण बिल्कुल ना करें और ग्राहकों से सिक्के स्वीकार करें, उन सिक्कों का विनिमय करते रहें, उसमें किसी प्रकार से इंकार न करें की सिक्के यहां पर स्वीकार नहीं किए जाएंगे, उनके बदले में चॉकलेट, टॉफी या अन्य चीजें ना दें। उन्होंने कहा है सभी बैंकों को निर्देश दिए गए हैं, सभी बैंकों से यह कहा गया है कि सभी बैंक अपने यहां पर एक बैनर लगाएंगे जिसमें वह साफ-साफ स्पष्ट करेंगे की 1 रूपये, 2 रूपये, 5 रूपये और 10 रूपये के सिक्के और 5 रूपये के नोट यहां स्वीकार किए जाते हैं। यदि व्यापारी भाई-बहन और कोई अन्य व्यक्ति बैंकों में सिक्के लेकर के जाते हैं, तो बैंकर्स को यह निर्देश दिए गए हैं कि वह अनिवार्य रूप से स्वीकार करेंगे और जब बैंकर्स इन्हें स्वीकार करेंगे तो मुद्रा के चलन में बने रहने में सहायक साबित होगा। सभी बैंकों को भी निर्देश दिए गए हैं, इस बारे में जो बैंकों में निर्देश पेस्ट कराये हैं उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से आप तक पहुंचायेंगे। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा जो हमारी वैधानिक मुद्रा है उसको चलन में बनाए रखने के लिए प्रशासन और शासन का सहयोग करें। कलेक्टर ने कहा उम्मीद है कि आप सभी मेरी इस अपील पर ध्यान देंगे और हमारी मुद्रा को चलन में बनाकर रखेंगे।

## लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 2024 को लेकर बैठक संपन्न

**दमोह।** मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 2024 की बैठक अपर कलेक्टर मीना मसराम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बैठक में गर्मी के मौसम में या अचानक वर्षा की स्थिति में परीक्षा केन्द्रों पर समुचित व्यवस्था के संबंध में दिशा निर्देश दिये। उन्होंने पेयजल और अन्य बुनियादी व्यवस्था के साथ बिजली आदि के संबंध में निर्देशानुसार व्यवस्थाओं के लिये कहा । कलेक्टर कार्यालय के समागार में आयोजित इस बैठक में बैठक में एसडीएम निकेत चौरसिया, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, सीएमएचओ डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बैक, सहायक पेंशन अधिकारी सौरभ सेलट एवं आर.बी. सिंह सहित अन्य अधिकारी और केन्द्राध्यक्ष मौजूद थे। बैठक में परीक्षा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर निकेत चौरसिया द्वारा आयोग द्वारा प्रसारित समस्त निर्देशों से अवगत कराते हुए परीक्षा केंद्र पर परीक्षा की गोपनीयता रखने के लिए निर्देशित किया। परीक्षा प्राधिकृत अधिकारी प्राचार्य रमेश व्यास ने परीक्षा की गोपनीय सामग्री के परिवहन और वापसी की जानकारी दी, साथ ही उड़न दस्ता और पुलिस व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी दी। बैठक में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के लिये शासकीय एमएलबी कन्या शाला दमोह की प्राचार्य अर्चना जैन, शासकीय एक्सीलेंस हायर सेकेण्डरी स्कूल दमोह के प्राचार्य एसएल अहिरवार, शासकीय ई.एफ.ए.जे.पी.बी.क.उ.मा.वि. दमोह के प्राचार्य डीके मिश्रा, शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय से डॉ. रेखा जैन केन्द्राध्यक्ष तथा ऑब्जर्वर डॉ. जीपी अहिरवार, डॉ. कमल चौरसिया, डॉ. अरूण एम.जैन, डॉ. हरिओम दुबे भी उपस्थित रहे।

# किसानों को उन्नत एवं लाभप्रद खेती के लिये प्रोत्साहित करें

### संभागीय समीक्षा बैठक में हुई कृषि एवं उससे जुड़े विभागों की गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं एवं किसानों को उन्नत एवं लाभप्रद खेती के लिये प्रोत्साहित करें। फसलों में विविधता लाएँ और ऐसी फसलों को प्राथमिकता दें, जो कम समय में तैयार हो जाती हैं। साथ ही किसानों को प्रमाणित बीज, संतुलित उर्वरक एवं आधुनकि कृषि यंत्रों के उपयोग के लिये प्रेरित करें, जिससे अधिक उत्पादन हो और किसानों की आमदनी बढ़े। उक्त निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त शएस. एन. मिश्रा ने संभागीय समीक्षा बैठक में कृषि एवं उससे जुड़े विभागों की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक के पहले चरण में सागर संभाग में गत रबी मौसम में हुए उत्पादन और खरीफ मौसम की तैयारियों की समीक्षा की गई। दूसरे चरण में पशुपालन, मत्स्य पालन एवं दुग्ध उत्पादन की समीक्षा हुई। कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव गुलशन बामरा,प्रमुख सचिव उद्यानिकी सुखवीर सिंह, संभागीय कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, सागर कलेक्टर श्री दीपक आर्य , दमोह




कलेक्टर श्री सुधीर कोचर, श्री सुरेश कुमार, श्री संदीप जी आर, श्री अरुण विश्वकर्मा, श्री अवधेश शर्मा सहित संभाग के सभी जिला उद्यानिकी, सहकारिता, बीज विकास निगम, विपणन संघ, बीज प्रमाणीकरण एवं कृषि से जुड़े अन्य विभागों के राज्य स्तरीय अधिकारी और दोनों संभागों के जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व संबंधित विभागों के संभागीय अधिकारी मौजूद थे। कृषि उत्पादन आयुक्त ने संभाग के सभी जिलों में खाद व बीज भण्डारण की समीक्षा की। साथ ही सभी जिला कलेक्टर को निर्देश दिए कि खरीफ के मौसम में किसानों को खाद-बीज मिलने में दिक्कत न हो। वितरण केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर यह सुनश्चित किया जाए कि किसानों को कोई कठिनाई न हो। कृषि उत्पादन आयुक्त एस. एन. मिश्रा ने कहा कि सागर संभाग में उद्यानिकी अर्थात फल, फूल व सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा देने की बड़ी गुंजाइश है। इसलिए संभाग के हर जिले में स्थानीय परिस्थितियों व जलवायु के अनुसार क्लस्टर बनाकर उद्यानिकी फसलों से किसानों को जोड़ें। साथ ही हर जिले में किसानों के एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) बनाने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी। कृषि उत्पादन आयुक्त श्री एस. एन. मिश्रा ने कम पानी में अधिक सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने वाली पद्धतियों को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में सप्रिंकलर व ड्रिप सिंचाई पद्धति अपनाने के लिये किसानों को प्रेरित करें। साथ ही खेत तालाब बनाने के लिये भी किसानों को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा इन सिंचाई पद्धतियों के लिये सरकार द्वारा बड़ा अनुदान दिया जाता है। मौसम एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बैठक में विशेष रूप से निर्देश दिए गए। इस एप पर एक हफ्ते की मौसम की जानकारी उपलब्ध रहती है। यह एप गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव कृषि ने कहा कि इस एप के माध्यम से किसानों को मौसम की जानकारी समय से मिल सकेगी और वे मौसम को ध्यान में रखकर अपनी खेती-बाड़ी कर पायेंगे। साथ ही अपनी फसल को भी सुरक्षित कर सकेंगे।

#### कृषि उपज मंडियों को बनाएँ हाईटेक और कैशलेस

कृषि उत्पादन आयुक्त श्री एस एन मिश्रा ने कृषि उपज मंडियों को हाईटेक, कैशलेस व सर्वसुविधायुक्त बनाने पर विशेष बल दिया । उन्होंने कहा इसके लिये शासन से आर्थिक मदद दिलाई जायेगी। साथ ही कहा कि हाईटेक से आशय यह है कि मण्डी में किसान की उपज की तुरंत खरीदी हो जाए, उनके बैठने के लिये बेहतर व्यवस्था हो, कैशलेस भुगतान की सुविधा हो और कृषि उपज की ऑटो पैकेजिंग व्यवस्था हो। श्री मिश्रा ने सभी जिला कलेक्टर को सहकारी बैंकों की वसूली कराकर बैंकों को मजबूत करने के निर्देश भी बैठक में दिए। उन्होंने किसान क्रेडिटधारी किसानों के साथ-साथ गैर ऋणी किसानों की फसल का बीमा कराने के लिये भी कहा। अतिरिक्त मुख्य सचिव कृषि श्री अशोक वर्णवाल ने कहा कृषि यंत्रों का उपयोग किसानों के लिये हर तरह से लाभप्रद है। उन्होंने कृषि यंत्र एवं उपकरणों का प्रजेंटेशन दिखाया और निर्देश दिए कि अनुदान के आधार पर हर जिले में किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराएँ। उन्होंने सागर संभाग में अरहर की वैरायटी अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। अरहर की पूषा वैरायटी 6 महीने में तैयार हो जाती है और इस फसल के बाद किसान दूसरी फसल भी ले सकते हैं। श्री वर्णवाल ने प्रमाणित बीज व उर्वरकों के संतुलित उपयोग व मिट्टी परीक्षण के लिये किसानों को प्रोत्साहित करने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा मिट्टी परीक्षण के लिये स्थानीय कृषि स्नातक युवाओं के जरिए चलित लैब स्थापित कराई जा सकती हैं। इससे किसानों की ओर से मिट्टी परीक्षण की मांग बढ़ेगी और किसानों व कृषि स्नातक दोनों को फायदा होगा।

# तिलक लगाकर कराया प्रवेशोत्सव



**तेजगढ़।** शासकीय माध्यमिक शाला दिनारी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें नव प्रवेशी छात्रों को प्रवेश दिया गया एवं सभी छात्र-छात्राओं को गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। शासन से प्राप्त पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर छात्रों से प्रतिदिन स्कूल आने के लिए कहा गया। प्रथम दिवस छात्रों को मध्यान भोजन में विशेष भोज दिया गया। पहले दिन स्कूल आने पर सभी छात्र खुशी की मुद्रा में नजर आए। इस अवसर पर शाला प्रभारी मनोहर सिंह ठाकुर, बैजनाथ अहिरवार ,योगेश सोनी शाला में उपस्थित रहे।त्रों को प्रवेश दिया गया एवं सभी छात्र-छात्राओं को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया, शासन से प्राप्त पाठ्य पुस्तकों का निशुल्क के वितरण कर छात्रों से प्रतिदिन स्कूल आने के लिए कहा गया प्रथम दिवस छात्रों को मध्यान भोजन में विशेष भोज दिया गया। पहले दिन स्कूल आने पर सभी छात्र खुशी की मुद्रा में नजर आए। इस अवसर पर शाला प्रभारी मनोहर सिंह ठाकुर, बैजनाथ अहिरवार ,योगेश सोनी शाला में उपस्थित रहे।

## हादसे में कार व स्कूल बस क्षतिग्रस्त, चार घायल

# पंचर ट्राली बीच सड़क पर छोड़ी स्कूल बस, कार व बाईक भिड़ी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

मंगलवार की रात 8 बजे तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जबलपुर पाटन मार्ग पर तेन्दूखेड़ा मुख्यालय की सीमा के समीप बड़ा हादसा टल गया लेकिन कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। दरअसल पाटन तेन्दूखेड़ा मार्ग पर पड़ा बाबा से 2 किमी दूर तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र की सीमा क्षेत्र में ईंटों से भरी एक ट्राली के दोनों टायर पंचर हो जाने से ट्रैक्टर चालक द्वारा ईंटों से भरी ट्राली को बीच सड़क पर ही खड़ा करके मौके से भाग गया। जहां हाईवे पर बीच सड़क पर खड़ी पंचर ईंटों से भरी ट्राली से एक तवेरा कार और एक स्कूली बस अंधेरे में ट्राली से टकरा गई जहां हादसे में तवेरा कार में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए प्राइवेट वाहन से पाटन से जबलपुर ले जाया गया। वहीं न्यू स्कूल बस भी अंधेरे में एक कार को बचाने के चक्कर में सड़क पर खड़ी ट्राली से टकरा गई है सामने से क्षतिग्रास्त हो गई। रातभर सड़क पर खड़ी पंचर ट्राली से तीन बाइक सवार भी टकराकर घायल हो गए जो रात में ही इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे क्योंकि घटनास्थल से पाटन पास होने के कारण वह तेन्दूखेड़ा छोड़कर पाटन स्वस्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर बाइक सवारों ने इलाज कराया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार छतरपुर जिले के गंजबासोदा से तवेरा कार लेकर जबलपुर जा रहे थे। संजय शर्मा हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पाटन के बाद जबलपुर रेफर किया गया है। बताया गया है कि संजय शर्मा का एक पैर बुरी तरह से फ्रेक्चर हो गया है। कार और बस के बाद तीन बाइक सवार भी अंधेरे के कारण इस पंचर ट्राली से टकराकर घायल हो गए हैं जो पाटन में इलाज कराने गए हैं। हादसे का सबसे बड़ा कारण पुरानी ट्राली से ईंट भरकर जबलपुर पाटन ले जाई जा रही लेकिन सीमा क्षेत्र में ट्राली पंचर हो गई जहां ट्रैक्टर चालक पंचर ट्राली को बीच सड़क पर आड़ी तिरछी खड़ी करके भाग गया। जहां अंधेरे में ट्राली दिखाई नहीं देने के कारण हादसा हो गया। ट्राली इतनी पुरानी थी कि उसमें संकेत के लिए रेडियेम तक नहीं था एवं टायर भी ख़राब हो चुके थे पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चरित्र को धर्म कहा है: आचार्य श्री समय सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डलपुर



सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा प्रधानं सर्व धर्माणाम जैनम जयतु शासनम ऐसा कहा गया है। संसार में अपनी अपनी मान्यता को लिए हुए संसारी प्राणी संसार में परिभ्रमण कर रहा है। धर्म का अर्थ स्वरूप हुआ करता है स्वरूप की ओर दृष्टि जानी चाहिए चाहे वह वैवागिक धर्म हो चाहे स्वाभाविक धर्म हो धर्म तो धर्म माना जाता है उसका परिणाम अपने-अपने धर्म के अनुरूप निकलता है ।मिथ्यात्व रूप जो भाव है वह भी आत्मा का ही धर्म है। क्योंकि उसको भी स्वतत्व कहा है ऐसा नहीं समझना चाहिए मिथ्या रूप भाव परतत्व है। स्वतत्व ही है आत्मगत भाव है असाधारण तत्व के भाव के अनुरूप लिया है। हमें चिंतन करना होगा उसको आगम के आधार से समझना होगा क्योंकि आचार्य समन्तभद्र महाराज ने स्पष्ट कर दिया है श्रावकाचार ग्रंथ में कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र इन तीनों को धर्म की संज्ञा दी है ।पृथक रूप से सम्यक दर्शन भी धर्म है ,सम्यक ज्ञान भी धर्म नाम पाता है और सम्यक चारित्र तो है ही। लेकिन धर्म और मोक्ष मार्ग इनमें थोड़ा सा अंतर देखने मिलता है। चतुर्थ गुणस्थान में वह धर्म की उपासना कर रहा है क्योंकि सम्यक दर्शन के साथ उसका जीवन चल रहा है किंतु वह मोक्षमार्गी नहीं है ।मोक्ष मार्ग जो होता है वह पर्टिकुलर किसी धर्म को लेकर नहीं होता है इसमें तीनों समाहित होते हैं तब कहीं जाकर उसको मोक्ष मार्ग की संज्ञा दी जाती है। सम्यक दर्शन के साथ वह चल रहा है इसलिए उसका उपयोग शुभयोग माना गया है । चारित्र का अभाव होने के कारण उसको अग्रति ऐसा कहा है । अग्रति का अर्थ हमें समझना चाहिए मिथ्या दृष्टि के आचरण में और अग्रसम दृष्टि के आचरण में बड़ा अंतर है । सम्यक दर्शन तो है उसके पास आचरण कहां है तभी तो उन्होंने अग्रति ऐसा कहा है।किंतु सम्यक दर्शन के साथ उसका आचरण भी बना रहता है जिसको कुंदकुंद स्वामी ने सम्यक आचरण चारित्र की संज्ञा दी है। सम्यक आचरण चारित्र अलग है और स्वयं आचरण चारित्र अलग है । स्वयं आचरण चारित्र के दो भेद किए हैं दोनों प्रकार के चरित्र सकल और विकल से वह दूर है सम्यक दर्शन के अनुरूप उसका आचरण है इस अपेक्षा से उसको सम्यक आचरण की संज्ञा दी है ।फिर मिथ्या दृष्टि के आचरण में और अगत दृष्टि के आचरण में अंतर क्या है इस अंतर को समझना है तो गुरुदेव ने अच्छा उदाहरण दिया है।

# शादी से पूर्व सिकल सेल एनीमिया की पहचान हेतु जांच अवश्य करायें

**दमोह।** विश्व सिकल सेल दिवस के मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रीतम सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य एवं विशेष अतिथि बतौर मौजूद जनपद सदस्य हलगज पप्पू सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में समारोह मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए जरूरी है कि सिकल सेल एनीमिया के रोकथाम हेतु वाहकों की पहचान कर उन्हे परामर्श दिया जाये। भावी पीढ़ी का सिकल सेल एनीमिया से बचाव किया जा सके, इस हेतु शादी से पूर्व सिकल सेल एनीमिया की पहचान हेतु आमजन से जांच कराने का भी आग्रह किया। उन्होने कहा जिला चिकित्सालय में सिकल सेल एनीमिया की जांच निःशुल्क उपलब्ध है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जलज बजाज, प्रभारी ब्लड बैंक डॉ. अमित प्रकाश जैन, डॉ. मनीष संगतानी एवं कार्यालयीन स्टॉफ विशेष रूप से मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान सिकल सेल एनीमिया को जाने, पहचाने थीम पर उन्मुखीकरण भी किया गया। इस दौरान सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित दो बच्चे अपने अभिभावकों के साथ मौजूद रहे। जिला चिकित्सालय पैथालॉजिस्ट डॉ. अमित प्रकाश जैन ने बताया कि सामान्यतः लाल रक्त कणिकाएं गोल एवं लचीली होती है। बीमारी के पश्चात इनका आकार हँसिया रूप में हो जाने से इनकी आक्सीजन ले जाने की क्षमता कम हो जाती है। न्होंने बताया सिकल सेल एनीमिया के लक्षण सामान्यतः बीमारी होने पर हाथ पैर में दर्द, जोड़ों में दर्द बना रहता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इससे संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। लीवर पर सूजन आना जैसे लक्षण दिखाई देते है। सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों को निमोनिया जैसे जानलेवा संक्रमण से बचाव के लिए पी.सी.व्ही. टीकाकरण कराना बेहद आवश्यक है। आमतौर पर सिकल सेल एनीमिया के लक्षण 5 से 6 माह की उम्र में शुरू होते है। इस प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर सिकल सेल एनीमिया की जांच अवश्य करायें।

### सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित व्यक्ति रखें ये सावधानियां

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जलज बजाज ने इस रोग से ग्रसित व्यक्तियों को किस प्रकार की सावधानियां रखनी चाहिए। इस संबंध में बताया कि मरीज को दिनभर में जितना संभव हो सके ज्यादा से ज्यादा पानी पियें। प्रतिदिन एक गोली फोलिक एसिड की जरूर लें, जो एनीमिया को कम करेंगी और खून में नई लाल रक्त कणिकाएं बनाने में मदद करेंगी। डॉ. बजाज ने बताया कि सिकल सेल वाले व्यक्ति ज्यादा उँचाई वाले पहाडों एवं हिल स्टेशन जाने से बचें, ज्यादा गर्मी या धूप में बाहर न निकलें। तकलीफ होने पर घरेलू उपचार न लेकर चिकित्सक से संपर्क करें।

# संगठन के सदस्यों ने पकड़ी शराब, पुलिस पर बनाया दबाव

## कार्यवाही को लेकर थाना परिसर में धरना देकर की नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने अवैध रूप से ले जाई जा रही शराब पकड़ी, साथ ही शराब ले जाने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट की गई। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला कायम किया। फिर क्या था गुस्साए लाल पट्टी धारियों ने धरना देते हुए पुलिस की मिली भगत के आरोप लगाए।

प्राप्त जानकारी अनुसार भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा 146 पाव शराब ले जाते हुई व्यक्ती को पकड़कर मौके पर मारपीट की गई जिससे व्यक्ती को गंभीर चोटे आई है एवम बाद मारपीट कर पुलिस को बिना सुचना दिए व्यक्ती को थाने लेकर आएं एवम थाना परिक्षेत्र में नारेबाजी एवं हंगामा करने लगे। ऐसा न करने एवम जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का थाना प्रभारी द्वारा बोला गया तो संगठन के सदस्यों द्वारा पुनः नारेबाजी की गई, जिस व्यक्ती से शराब पकड़ी थी उसे गंभीर चोट पाई गई, बाद थाना प्रभारी रनेह द्वारा शराब ले जा रहे व्यक्ती पुष्पेंद्र रिछारिया के विरुद्ध अपराध क्रमांक 71/24 धारा 34 आबकारी एक्ट एवम मारपीट करने वाले संगठन के सदस्यों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 72/24 धारा 341,323,294,506,34 ताहि की कार्यवाही की गई है एवम घायल पुष्पेंद्र रिछारिया की एमएलसी हट्टा सीएचसी में कराई गई गंभीर चोटे होने से डॉक्टर द्वारा दमोह रेफर किया गया है।

### भगवती मानव कल्याण संगठन का प्रदर्शन

संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री हो रही है। भगवती मानव कल्याण संगठन नशा मुक्ति अभियान चला रहा है, जिसके तहत क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री का विरोध किया जाता है। संगठन कार्यकर्ताओं ने देखा कि दो लोग अवैध रूप से दो पेटी शराब लेकर जा रहे हैं। आरोपियों को संगठन के कार्यकर्ताओं ने रोका और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद संगठन के कार्यकर्ता रनेह थाना पहुंचे और परिसर में बैठकर धरना शुरू कर दिया। इसके साथ ही यहां पर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की। संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस के सहयोग से क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है जो हम नहीं होने देंगे।

# स्कूल चलें अभियान के तहत आज होगी बच्चों की भविष्य से भेंट

## कलेक्टर खमरिया बिजौरा तो पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी जायेंगे अभाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आतिथ्य में 18 जून से 20 जून के मध्य स्कूल चलें हम अभियान चलाया जा रहा है। आज तीसरे दिवस 20 जून को स्कूल चलें हम अभियान को जन आंदोलन में परिणित करने के उद्देश्य से जन समुदाय की सहभागिता से जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में ₹भविष्य से भेंट₹ कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मार्गदर्शन समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रभावशाली, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में आमंत्रित कर विद्यार्थियों से उनकी भेंट कराई जायेगी। स्कूल चलें हम अभियान के सुचारू क्रियान्वयन एवं अभियान की मॉनीटरिंग हेतु ₹भविष्य से भेंट₹ कार्यक्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के अधिकारियों को शासकीय शालायें आबंटित की है। संबंधित अधिकारी निर्धारित विद्यालयों में उपस्थित होकर एक पीरियड अध्यापन कार्य एवं / प्रेरणादाई उद्बोधन, सफलता की कहानियां, खेल, प्रेरक कहानियां, कथानक के साथ कोई शैक्षणिक गतिविधियां, बच्चो को जीवन में सफल बनने के लिए प्रेरित करेंगे। भविष्य से भेंट₹ कार्यक्रम के तहत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया बिजौरा, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी शासकीय कन्या हाई स्कूल अभाना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित वर्मा शासकीय मॉडल स्कूल पटेरा, वनमण्डलाधिकारी एम.एस. उइके शासकीय माध्यमिक शाला भाट खमरिया, अपर कलेक्टर मीना मसराम शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लकलका, अनुविभागीय मजिस्ट्रेट दमोह राजललन बागरी शासकीय माध्यमिक शाला टौरी, अनुविभागीय मजिस्ट्रेट पथरिया निकेत चौरसिया शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला किशुनगंज, अनुविभागीय मजिस्ट्रेट हटा राकेश सिंह मरकाम शासकीय माध्यमिक शाला रनेह, अनुविभागीय मजिस्ट्रेट तेन्दूखेड़ा अविनाश रावत शासकीय माध्यमिक शाला तेजगढ़, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह शासकीय माध्यमिक शाला बोरीकलां, डिप्टी कलेक्टर महेन्द्र कुमार गुप्ता शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक शाला देवडोंगरा सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण भी शासकीय शालाओं में उपस्थित रहकर बच्चों को जीवन में सफल बनने के लिये प्रेरित करेंगे।

# रात्रि में नहीं लगती पुलिस गश्त शराबियों का रहता है बोलबाला

**गैसाबाद।** ग्राम में रात्रि पुलिस गस्त नहीं लगने से बस स्टैंड पर शराबियों का बोल वाला रहता है शराब पीकर हवा में ही गाली गलोज करना दुकानों पर बैठकर उल्टी सीधी बातें करना इनका रोज का काम हो गया है। शराबियों की शराब खोरी के चलते आम इज्जतदार लोगों का घर से बाहर निकलना बस स्टैंड या दुकानों पर बैठना दूभर हो रहा है। ग्रामीण जनों ने बताया कि जब कभी हमारे घर पर कोई रिश्तेदार आते हैं तो रोड पर हो रही दारु खोरी गाली गलौज को सुनकर हमें बड़ी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। कुछ दुकानदारों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि शराबियों से हम लोग बहुत परेशान है कुछ शराबी शराब पीकर हमारी दुकान पर बैठ जाते हैं। और गंदी गंदी गाली देते हैं मना करने पर हमसे ही लड़ाई झगड़ा करने लगते हैं शराबियों के कारण हमारी दुकान पर ग्राहक नहीं आ पाते हैं। ग्रामीणों के बताएं मुताबिक ग्राम में दारु खोरी के अलावा सट्टा का भी अवैध कारोबार संचालित हो रहा है लोग एक के 80 की लालच में पड़कर रोज सट्टा पर दाव लगते है सट्टा के खेल के चलते गांव में लड़ाई झगड़ा एवं अशांति का माहौल बना रहता है ग्रामीण जनों ने ग्राम में रात्रि पुलिस गस्त लगाए जाने की मांग की है।

# ज्ञान की नहीं ज्ञाता की अनुभूति होना चाहिए - सुधा सागर जी

**पथरिया।** ज्ञान की नहीं ज्ञाता की,धन की नहीं धनी की अनुभूति होना चाहिए। वो मेरे भगवान है मैं उनका भक्त हूं यह भाव आना चाहिए। यह उद्बोधन निर्यापक श्रवण मुनि पुंगवश्री सुधासागर जी मुनि महाराज ने अतिशय क्षेत्र श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहे। मुनिश्री ने कहा कि देव , शास्त्र, गुरु के प्रति रिलेशन वनाओ अगर रिलेशन नहीं वना तो एक दिन क्रिटिक्स वन जावेगा । मुनिश्री ने कहाकि ज्ञान प्राप्त करना, दर्शन करना लक्ष्य नहीं है, ये तो धुंआ है। परोक्ष में प्रत्यक्ष की अनुभूति करना है। साधन को साध्य मत मान लेना, उन्होंने कहा मनुष्य से हिंसा तो होगीए जानबूझ कर होगी। श्वास लेने में हिंसा होती हैए हर जगह हिंसा है, हम हिंसा से रहित नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा अनुभूति प्रत्यक्ष की होती है परोक्ष की नहीं। रूप के ज्ञान में अरूप की अनुभूति करो। ज्ञानी को रस की अनुभूति नहीं होती। उन्होंने कहा जैन दर्शन बिलकुल सरल है। समय सार एक सरल रेखा हैए लेकिन कठिन दिख रहा है। सुधा सागर महाराज ने कहा कि भगवान की मूर्ति पाषण की हैए उसमें भगवान की अनुभूति करो। मूर्ति को देखकर मूर्ति की अनुभूति की तो दिन व्यर्थ हो जाएगा। मूर्ति तो प्रतिबिंब है, आंखो से तो पाषाण ही दिखाई देगा, मंदिर में मूर्ति को ज्ञान से जानो। इनमें मेरे की अनुभूति होना चाहिए यह मेरे भगवान है।

# लोक सेवा केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा सीखो कमाओ योजना में लिया जा रहा प्रशिक्षण

### एक ही समय में दो-दो जगह कार्यरत दोनों जगह से राशि लेकर कर रहे फर्जीवाड़ा, कलेक्टर को भेजा जांच प्रतिवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार के दौरान विगत वर्ष 2023 में शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार देने के उद्देश्य को लेकर सीखो कमाओ योजना शुरूकी गई थी जिसमें हटा तहसील के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र की पंजीकृत फर्म प्रतिष्ठानों द्वारा जमकर फर्जीवाड़ा किया गया जिसकी जांच अधिकारियों द्वारा की जाकर कार्यवाही हेतु कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि हटा नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में विगत वर्ष सीखो कमाओ अंतर्गत लगभग 20 प्रतिष्ठानों द्वारा पंजीयन किए गए थे जिसमें प्रशिक्षण लेने हेतु प्रत्येक प्रतिष्ठान में शासन द्वारा तीन-तीन शिक्षित बेरोजगारों को कार्य सीखने हेतु पंजीकृत किया गया था जबकि हटा मैं इन प्रतिष्ठानों पर एक भी छात्र प्रशिक्षण नहीं ले रहा और यह प्रतिष्ठान शासन से बराबर राशि ले रहे हैं जिसकी जानकारी कलेक्टर के संज्ञान में आने पर इन सभी प्रतिष्ठानों की जांच मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा की गई।

लोक सेवा केंद्र मैं कार्यरत कर्मचारीयों द्वारा फर्जीवाड़ा- -

दरअसल सीखो कमाओ योजना अंतर्गत जीएसटी धारी उन फर्म प्रतिष्ठानों द्वारा पंजीयन किया जाना था जिनके प्रतिष्ठान पर पूर्व से ही कम से कम 19 कर्मचारी कार्यरत हो ऐसे ही हटा नगर में लगभग एक दर्जन प्रतिष्ठानों द्वारा फर्जी शपथ पत्र देकर पंजीयन कराया गया था जिसमें 18 वर्ष से 29 वर्ष तक के वह युवा जो किसी शासकीय अर्ध शासकीय संस्था में कार्यरत न हो। ऐसे तीन तीन बेरोजगार युवा पंजीकृत प्रतिष्ठान के अधीन काम सीख रहे हैं लेकिन वह सभी युवा सिर्फ कागजों पर कार्य कर काम सीख रहे हैं। वही इस योजना के पंजीकृत शिवम असाटी प्रतिष्ठान दमोह में प्रशिक्षण हेतु तीन प्रशिक्षार्थियों के नाम पंजीकृत हैं जिसमें गंगाराम कुशवाहा अर्चना साहू दीक्षा नामदेव जो पूर्व से ही शासन द्वारा संचालित लोक सेवा केंद्र हटा मैं कार्यरत है जिन्हें शासन द्वारा मानदेय दिया जाता है एवं उनकी उपस्थिति रोजाना केंद्र में बायोमेट्रिक द्वारा ली जाती है एवं केंद्र में लगी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कार्य करते है एवं वही कर्मचारी शिवम असाटी प्रतिष्ठा पर भी प्रशिक्षण ले रहे हैं जिनकी उपस्थिति भी रोजाना प्रतिष्ठान पर ली जाती है। वहीं इसमें गौर करने वाली बात है कि यह तीनों कर्मचारी एक ही समय में दो-दो जगह उपस्थिति दे रहे हैं एवं इनके द्वारा प्रतिष्ठान माध्यम से सीखो कमाई योजना में शासन द्वारा दी जा रही 8000 रुपए की राशि भी लगातार ली जा रही है एवं लोक सेवा केंद्र में कार्यरत होने पर शासन द्वारा मानदेय के रूप में राशि लेकर प्रतिष्ठान की सांठगांठ से फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। यह जानकारी अधिकारियों द्वारा किए गए सत्यापन में सामने आई है। दरअसल कलेक्टर के निर्देश पर सत्यापन किये जाने हेतु नियुक्त किए गए जनपद पंचायत सीईओ बीएस यादव व तहसीलदार द्वारा सत्यापन के दौरान सीखो कमाओ योजना के ट्रेनी लोकसेवा केंद्र हटा में कार्यरत पाए गए जिसकी जांच रिपोर्ट दमोह कलेक्टर को भेजी। इसके अलावा जनपद सीईओ बीएस यादव ने बताया कि हटा में आठ प्रतिष्ठान फर्म की जांच की गई जिसमें सिर्फ एक फर्म ही नियमानुसार पाई गई बाकी सभी प्रतिष्ठान आंशिक रूप से फर्जी पाए गए। अब देखना यह होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से यह योजना लागू की गई थी लेकिन इन फर्जी प्रतिष्ठानों द्वारा किए गए फर्जीवाड़ा पर प्रशासन द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है।

# विद्यालय आने से ही जीवन सफल बनेगा : विधायक उमा देवी खटीक



**हटा।** मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार प्रत्येक शासकीय विद्यालय में तीन दिवसीय *प्रवेश उत्सव* का आयोजन किया जा रहा है आज प्रथम दिवस राजाबंदी (पटेरा)में विकासखंड स्तरीय प्रवेश उत्सव का सफल आयोजन हटा विधानसभा की विधायक उमा देवी जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम में नव प्रवेशित बालक बालिकाओं को उमादेवी जी के द्वारा तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया तथा बच्चों को नियमित विद्यालय आने प्रेरित किया। कार्यक्रम में विधायक उमादेवी के साथ पूर्व जनपद अध्यक्ष बद्री पटेल, विधायक प्रतिनिधि-दिलीप पटेल, लक्ष्मीकांत पटेल, संतोष पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि- भुबानी, गंगाराम, के साथ गणमान्य नागरिक पालक केशवराम, बीआरसी दिलीप उपाध्याय,शिशिर पण्ड्या ,नीलेश बड़कुल,पूर्व शिक्षक- प्रकाश गर्ग ,मूसा खान, इकबाल खान, ममता सोनी, वार्डन- कविता पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कैलाश पटेल एवं आभार मुकेश गूजरे प्राचार्य हाई स्कूल राजाबंदी ने किया।

**नाम संशोधन सूचना**

शपथकर्ता मान सिंह गौड पिता श्री रतन सिंह गौड निवासी ग्राम हरदुआ गणेश तह. जबेरा जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि मेरे ड्राईविंग लाईसेंस क्रमांक MP34D-2016-0025380 में मेरा नाम त्रुटिवश BHAN SINGH GOUND दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम मान सिह MAN SINGH GOUND दर्ज है। अतः सभी दस्तोवेजों में एक रूपता रखने मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में मेरा नाम संशोधन कर सही नाम मान सिहं गौड़ MAN SINGH GOUND दर्ज हो।

शपथकर्ता-मान सिंह गौड